Ministry of Cooperation | सहकारिता मंत्रालय
Government of India | भारत सरकार

राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद
NCCT NEW DELHI
NATIONAL COUNCIL FOR COOPERATIVE TRAINING

# NCCT CO-OP NEWS BULLETIN

**Date: 05.03.2024**

| Sr No | Date | Publication | Edition/Language | Page no. | Circulation |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 04-03-2024 | Dinamalar | Tamilnadu/ Tamil | 9 | |
| 2. | 05-03-2024 | Raj Express | Bhopal/Hindi | | |
| 3. | 05-03-2024 | Sandhya Prakash | Bhopal/Hindi | 4 | |
| 4. | 05-03-2024 | Dainik Kousar | Bhopal/Hindi | 7 | |

| Publication: | Dinamalar, Pg 9 | Edition: Tamilnadu | Print |
|---|---|---|---|
| Published Date: | March 4, 2024 | | |

**The news pertains to the Inauguration of NUCFDC by cooperative minister**

# நகர்ப்புற கூட்டுறவு வங்கி கூட்டமைப்பு துவக்கம்

**புதுடில்லி, மார்ச் 3–**

நகர்ப்புற கூட்டுறவு வங்கிகளை ஒருங்கிணைக்கும் ஒரு அமைப்பை உருவாக்குவது தொடர்பாக நீண்ட காலமாக பேசப்பட்டு வந்தது. இதை நிறைவேற்றும் வகையில், தேசிய நகர்ப்புற கூட்டுறவு நிதி மற்றும் மேம்பாட்டு வாரியம் அமைக்கப்பட்டுள்ளது.

இதை துவக்கி வைத்து, கூட்டுறவுத் துறை அமைச்சர் அமித் ஷா பேசியதாவது:

நகர்ப்புற கூட்டுறவு வங்கிகளுக்கான ஒரு கூட்டமைப்பை உருவாக்குவது நனவாகியுள்ளது. வங்கிசாரா நிதி நிறுவனமாகவும், நகர்ப்புற கூட்டுறவு வங்கித் துறையின் சுயகட்டுப்பாட்டு அமைப்பாகவும் இது செயல்படும். நாட்டின் ஒவ்வொரு நகரங்களிலும், நகர்ப்புற கூட்டுறவு வங்கிகள் அமைக்கப்பட வேண்டும்.

இந்த கூட்டமைப்பால், நகர்ப்புற கூட்டுறவு வங்கித் துறையில் பல்முனை வளர்ச்சி ஏற்படும்.

இவ்வாறு அவர் பேசினார்.

| Publication: | Raj Express | Edition: Bhopal | Print |
|---|---|---|---|
| Published Date: | March 4, 2024 | | |

# हर शहर में खुलेगा एक बैंक: अमित शाह

**नई दिल्ली**। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त एवं विकास निगम एनयूसीएफडीसी की शुरुआत की है। इसके साथ ही उन्होंने निकाय से प्रत्येक शहर में एक शहरी सहकारी बैंक स्थापित करने को कहा है। बता दें कि केंद्रीय रिजर्व बैंक ने एनयूसीएफडीसी को गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी और शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक स्व-नियामक संगठन के रूप में काम करने की मंजूरी दे दी है। मतलब ये कि इस निकाय को सहकारी बैंक खोलने के लिए रिजर्व बैंक से मंजूरी मिल चुकी है। अमित शाह ने कहा, 20 साल बाद एनयूसीएफडीसी की स्थापना हुई है। यह वक्त की मांग है। मुझे खुशी है कि आरबीआई ने इसके लिए मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि शहरी सहकारी बैंक भारत में लंबे समय से काम कर रहे हैं, लेकिन वे तेजी से वृद्धि नहीं कर सके। ये बैंक देश की आर्थिक वद्धि में मत्वपर्ण भमिका निभा सकते हैं।

| Publication: | Dainik Kousar, pg 7 | Edition: Bhopal | Print |
| --- | --- | --- | --- |
| Published Date: | March 4, 2024 | | |


# सहकारिता क्षेत्र को बड़ा बढ़ावा: सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एनयूसीएफडीसी का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनयूसीएफडीसी) का उद्घाटन किया, जो सहकार से समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से एक प्रमुख पहल है। एनयूसीएफडीसी शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के लिए एक प्रमुख संगठन है। सहकारिता मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इस पहल का उद्देश्य भारत में शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को आधुनिक बनाना और सशक्त करना है, जिससे बैंकों और उनके ग्राहकों दोनों को लाभ होगा।

मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने और सहकार से समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस अम्ब्रेला संगठन की स्थापना एक और मील का पत्थर साबित होगी। सहकारिता मंत्री नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एनयूसीएफडीसी का उद्घाटनकिया । सहकार से समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, सहकारिता मंत्रालय देश भर में सहकारी प्रयासों को मजबूत करने के लिए काम कर रहा है।सहकारी बैंक देश में सहकारी आंदोलन का एक अभिन्न अंग हैं। यह देश में यूसीबी के लिए एक गेम चेंजर साबित होगा, जिससे व्यापार वृद्धि में लंबी छलांग लगाई जा सकेगी। यह प्रौद्योगिकी निवेश और प्रौद्योगिकी मंच के विकास के क्षेत्र में छोटे और मध्यम बैंकों के लिए थोक सौदेबाजी में मदद करेगा। आज देश में यूसीबी की बाजार हिस्सेदारी 3त्न है जो अम्ब्रेला संगठन एनयूसीएफडीसी के काम करने के बाद 13त्न तक बढ़ जाएगी। इससे शहरी बैंकों को मध्यम वर्ग की आबादी तक पहुंचने में मदद मिलेगी, बैंकिंग आदतों के विकास को बढ़ावा मिलेगा, प्रौद्योगिकी-आधारित बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच आसान होगी और इस तरह वित्तीय समावेशन के पहलू को पूरा किया जा सकेगा। वर्तमान में, भारत में 1,500 से अधिक अनुसूचित और गैर-अनुसूचित शहरी सहकारी बैंक हैं, जिनमें से लगभग 195 बैंक 100 वर्षों से अधिक समय से सेवा दे रहे हैं। यूसीबी शाखाओं की कुल संख्या 11,000 से अधिक है। इन बैंकों के पास 5.33 लाख करोड़ रुपये से अधिक की जमा राशि है। साथ ही इनके द्वारा 3.33 लाख करोड़रुपये से अधिक का ऋण वितरण किया गया है। एनयूसीएफडीसी को गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में कार्य करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) प्राप्त हुआ है, जिससे इस अम्ब्रेला संगठन को शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक स्व-नियामक संगठन (एसआरओ)) के रूप में कार्य करने की अनुमति दी जाएगी। इस अम्ब्रेला संगठन की स्थापना से सहकारी बैंकों के लिए विशेष कार्य और सेवाएं सुनिश्चित होंगी, बैंकों और नियामकों के बीच संचार की सुविधा मिलेगी और शहरी सहकारी बैंकों के सामने आने वाली चुनौतियों, जैसे पुरानी प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों और सीमित सेवा पेशकशों इत्यादि का समाधान होगा।

| Publication: | Sandhya Prakash, pg 4 | Edition: Bhopal | Print |
|---|---|---|---|
| Published Date: | March 4, 2024 | | |




# सहकारिता क्षेत्र को बड़ा बढ़ावा: सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एनयूसीएफडीसी का शुभारंभ किया

नईदिल्ली, एजेंसी। सहकारिता मंत्री अमित शाह नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनयूसीएफडीसी) का उद्घाटन किया, जो सहकार से समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से एक प्रमुख पहल है। एनयूसीएफडीसी शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के लिए एक प्रमुख संगठन है। सहकारिता मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इस पहल का उद्देश्य भारत में शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को आधुनिक बनाना और सशक्त करना है, जिससे बैंकों और उनके ग्राहकों दोनों को लाभ होगा। मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने और सहकार से समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस अम्ब्रेला संगठन की स्थापना एक और मील का पत्थर साबित होगी। सहकारिता मंत्री नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एनयूसीएफडीसी का उद्घाटनकिया ।

सहकार से समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, सहकारिता मंत्रालय देश भर में सहकारी प्रयासों को मजबूत करने के लिए काम कर रहा है।सहकारी बैंक देश में सहकारी आंदोलन का एक अभिन्न अंग हैं। यह देश में यूसीबी के लिए एक गेम चेंजर साबित होगा, जिससे व्यापार वृद्धि में लंबी छलांग लगाई जा सकेगी. यह प्रौद्योगिकी निवेश और प्रौद्योगिकी मंच के विकास के क्षेत्र में छोटे और मध्यम बैंकों के लिए थोक सौदेबाजी में मदद करेगा। आज देश में यूसीबी की बाजार हिस्सेदारी 3त्र है जो अम्ब्रेला संगठन एनयूसीएफडीसी के काम करने के बाद 13त्र तक बढ़ जाएगी। इससे शहरी बैंकों को मध्यम वर्ग की आबादी तक पहुंचने में मदद मिलेगी, बैंकिंग आदतों के विकास को बढ़ावा मिलेगा, प्रौद्योगिकी-आधारित बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच आसान होगी और इस तरह वित्तीय समावेशन के पहलू को पूरा किया जा सकेगा। वर्तमान में, भारत में 1,500 से अधिक अनुसूचित और गैर-अनुसूचित शहरी सहकारी बैंक हैं, जिनमें से लगभग 195 बैंक 100 वर्षों से अधिक समय से सेवा दे रहे हैं। यूसीबी शाखाओं की कुल संख्या 11,000 से अधिक है। इन बैंकों के पास 5.33 लाख करोड़ रुपये से अधिक की जमा राशि है। साथ ही इनके द्वारा 3.33 लाख करोड़रुपये से अधिक का ऋण वितरण किया गया है। एनयूसीएफडीसी को गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में कार्य करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) प्राप्त हुआ है, जिससे इस अम्ब्रेला संगठन को शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक स्व-नियामक संगठन (एसआरओ)) के रूप में कार्य करने की अनुमति दी जाएगी। इस अम्ब्रेला संगठन की स्थापना से सहकारी बैंकों के लिए विशेष कार्य और सेवाएं सुनिश्चित होंगी।

# LOCATIONS OF NCCT INSTITUTES




**NATIONAL COUNCIL FOR COOPERATIVE TRAINING**

(AN AUTONOMOUS SOCIETY PROMOTED BY MINISTRY OF COOPERATION, GOVERNMENT OF INDIA)

3, Siri Institutional Area (3rd Floor), August Kranti Marg, New Delhi-110016

011-41096510 secy-ncct@gov.in www.ncct.ac.in